माननीय लोकसभा सदस्य एवं पूर्व कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री राधा मोहन सिंह जी का भाकृअनुप-भारतीय जल प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर का दौरा

माननीय लोकसभा सदस्य एवं पूर्व कृषि और किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार श्री राधा मोहन सिंह जी ने 16 सितंबर 2022 को भाकृअनुप-भारतीय जल प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर का दौरा किया। इस उपलक्ष्य पर श्री राधा मोहन सिंह जी ने संस्थान के सभी वैज्ञानिकों और कर्मचारीओं से परस्पर विचार-विमर्श किया। उन्होने संस्थान द्वारा कृषि जल प्रबंधन से संबंधित तकनीकों के बारे में जानकारी ली और अपनी रुचि जताई। संस्थान के निदेशक डॉ. रबीन्द्र कुमार पंडा जी ने पूर्व कृषि मंत्री जी का स्वागत किया।